UGC Approved Journal No. 49321
Shodh Drishti (An International Peer Reviewed Refereed Research Journal), Vol 19, No 12, December 2021 Impact Factor : 5.427
ISSN : 2319-4855

अनुक्रमणिका

1	नरेश मेहता के उपन्यास प्रथम फाल्गुन का प्रतिपाद्य **डॉ0 पुष्पा सिंह**	1-3
2	Effect of Anxiety on Achievement Motivation of Kho-Kho and Kabadi Players **Dr. Brijesh Kumar Mishra & Dr. Aravind Kumar**	4-8
3	आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी का हिन्दी साहित्य की अभिवृत्ति में योगदान **डॉ0 उमा शर्मा**	9-10
4	वक्रोक्ति और महिमभट्ट **हीरालाल**	11-12
5	डा0 भीमराव अम्बेडकर के सामाजिक विचार **ओम प्रताप सिंह**	13-14
6	किन्नौर जनपद के धार्मिक मेले फुल्याच गीतों का सांगीतिक अध्ययन **अनुराधा नेगी एवं आचार्य जीतराम शर्मा**	15-18
7	'मनुष्य के रूप' उपन्यास में नारी पात्र सोमा **डॉ0 मीना यादव एवं अवधेश प्रताप यादव**	19-22
8	भाषा विमर्श और हिंदी भाषा **डॉ0 अभय राज यादव**	23-26
9	स्वामी विवेकानन्द एवं टैगोर के शैक्षिक विचार **डॉ0 विनय कुमार**	27-30
10	विवेकी राय के उपन्यासों में ग्रामीण झलक **जय नारायण**	31-32
11	Effect of Illiteracy, Child Marriage and Violence on Gender Equality in India **Dr. Pallavi Kumari**	33-36
12	Elementary Education and Their Problems in Current Scenario in Bihar **Ajay Kumar**	37-40
13	A New Species of the Genus Haplorchoides from the Intestine of Fresh Water Fishes *Mystus Tengara* (Ham. 1822) at Jaunpur, India **Ankur**	41-45
14	वेदों में पर्यावरण : एक सूक्ष्म विवेचना **अंकित कुमार दूबे**	46-48
15	मानव एवं पर्यावरण के मध्य सम्बन्ध जोड़ती पर्यावरण शिक्षा **डॉ0 मोती चंद्र यादव**	49-52
16	आम आदमी के कवि : धूमिल **आकाश पटेल एवं डॉ0 सुरेंद्र प्रताप सिंह**	53-56
17	A Study on Socio-Economic Condition of Rural Women of Shahjahanpur, Uttar Pradesh **Dr. Rajani Singh**	57-62

Jagbandhu Pandey

UGC Approved Journal No. 49321
Shodh Drishti (An International Peer Reviewed Refereed Research Journal), Vol. 12, No. 12, December, 2021 Impact Factor : 5.427
ISSN : 0976-6650

६	स्मृतियों में जीवन प्रबन्धन : संस्कारों के विशेष सन्दर्भ में **डॉ0 विजय सिंह मीना**	63-66
६	प्रो. सत्यभान शर्मा : हवेली संगीत के गायक कलाकार **रविन्द्र कौर**	67-70
६	असंगठित क्षेत्र में कार्यरत महिला फुटपाथ विक्रेताओं का एक समाजशास्त्रीय विश्लेषण (लखनऊ महानगर के सन्दर्भ में) **डॉ0 निरंजन लाल एवं डॉ0 राजीव कुमार**	71-76
६	सन्त रामसूरत दास के काव्य में कर्म का स्वरूप **डॉ0 अनुरुद्ध कुमार**	77-78
६	महामना का विज्ञान, धर्म और संगीत के प्रति दृष्टिकोण **डॉ0 पूनम वर्मा**	79-80
६	राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में परिप्रेक्ष्य में अध्यापक शिक्षा में परिवर्तन **डॉ0 प्रमोद कुमार पाण्डेय**	81-82
६	संगीत साधना की सफलता के सूत्र (गायन के परिप्रेक्ष्य में) **डॉ. जगबन्धु प्रसाद**	83-87
६	प्रेमचन्दोत्तर उपन्यासों में साम्प्रदायिकता का स्वरूप **डॉ0 मन्जू कोगियाल**	88-90
६	मैत्रेयी पुष्पा की कहानियों में स्त्री–विमर्श और नारी वेदना का स्वर **ममता सिंह**	91-95
६	मैत्रेयी पुष्पा की कहानियों में समाज पर उत्तर आधुनिक प्रभाव **शान्ति भूषण**	96-100
६	महिला आरक्षण एवं समानता (दलित महिलाओं के सन्दर्भ में) **डॉ0 मोहम्मद रिजवान एवं पुष्पा शुक्ला**	101-104
६	Ancient Chinese Pilgrims to India: Journeys in Search of the Dhamma **Dr. Jagbir Singh**	105-108
६	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधायें : टाण्डा तहसील (जनपद अम्बेडकर नगर) के सन्दर्भ में अध्ययन **अतुल कुमार वर्मा**	109-112
६	महर्षि अरविन्द का सर्वांग योग दर्शन (जीवन दर्शन) **डॉ0 लक्ष्मी शंकर यादव**	113-116
६	सूचना क्रान्ति का ग्रामीण परिवार एवं आर्थिक जीवन पर प्रभाव (बदायूँ जनपद के संदर्भ में) **बबिता यादव**	117-119
६	Research Paper on Financial Management **Shikha**	120-122
६	एक अध्ययन : प्रेमचन्द के आरंभिक उपन्यास **डॉ0 शबीना अंजुम**	123-127
६	पुष्पिता अवस्थी के काव्य में भक्ति दर्शन **डॉ0 आम्बे कुमारी**	128-130

Jagbir Singh

UGC Approved Journal No. 49321
Shodh Drishti (An International Peer Reviewed Refereed Research Journal), Vol. 12, No. 12, December, 2021 Impact Factor : 5.427
ISSN : 0976-6650

संगीत साधना की सफलता के सूत्र
(गायन के परिप्रेक्ष्य में)

डॉ. जगबन्धु प्रसाद
असिस्टेंट प्रोफेसर, संगीत विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

सारांश

संगीत कला को समस्त ललित कलाओं में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्रदान किया गया है। संगीत कला मनुष्य को आनंद की अनुभूति प्रदान करता है। संगीत एक मनमोहक कला है। यह कला विशेष रूप से शास्त्रीय संगीत गुरुमुखी विद्या है। शास्त्रीय संगीत को सिखने में कठिन साधना की आवश्यकता होती है। यदि संगीत साधक गुरु द्वारा बतायी गई बातों को एकाग्रचित, नियमित व संयमित होकर साधना करे तो निश्चित रूप से संगीत साधना में सफलता की प्राप्ति होती है। साधना हेतु एकाग्रता, ध्यान, चिंतन–मनन, नियम, संयम आदि बातों को ध्यान में रख कर किया जाये तो साधक को साधना में अवश्य ही सिद्धि प्राप्त होती है।

मुख्य शब्द : संगीत, साधना, गुरु, कला, शिक्षार्थी।

साधना एक व्यापक शब्द है। साधना अर्थात् स्वयं को नियन्त्रित करना। योग की भाषा में इन्द्रियों को अपने अधीन करने का नाम साधना है। योग दर्शन में चित्तवृत्तियों को नियन्त्रित करने को योग साधना माना गया है। साधना का मतलब तपस्या, ध्यान, कठोर परिश्रम तथा किसी विशेष क्षेत्र में प्रयत्न करना इत्यादि। आनन्द मूर्ति के अनुसार साधना शब्द मूल धातु 'साध' शब्द से बना है जिसका अर्थ है लगातार प्रयास करना।[1] साधना का अभिप्राय है जब कोई विधिवत् ढंग से मन को स्थिर करके उचित प्रगति हेतु लगातार प्रयास करते हुए एक विशेष विधा में स्वयं को स्थापित करता है वह साधना कहलाती है। साधना से मनुष्य में परिपक्वता आती है और उसके विचारों का क्रमिक विकास होता है। नियमित साधना से कलाकार अपनी कला को चरमोत्कर्ष की स्थिति में पहुँचा पाने में सक्षम हो जाता है। संगीत में साधना के समानार्थक शब्द अभ्यास, रियाज़ तथा practice आदि संज्ञा से सम्बोधित किया जाता है।

संगीत साधकों ने संगीत साधना को ईश्वरोपासना के सदृश माना है। उस्ताद बिस्मिल्लाह खाँ ने संगीत साधना को 'पाँचो वक़्त का नमाज़' बताते हुए कहा है कि मैं सारा समय ही अल्लाह की इबादत में रहता हूँ। पं. कण्ठे महाराज ने कहा है कि 'मेरा हाथ तबले को सुमरनी (जपमाला) समझता है और उगलियाँ जो भी बजाती है, वह राम नाम के समान होता है, अतः मेरा सारा समय ईश्वर की आराधना में ही बीतता है। जब यदि ईश्वर इसके माध्यम से कुछ प्रदान करता है तो वह मेरी ईश्वर भक्ति का ही प्रसाद है।'[2]

साधना द्वारा ही हम संगीत के गूढ़ तत्वों को जान सकते है। साधना के अभाव में कलाकार या साधक में कला परिपक्वता की कमी अर्थात् कुछ अभाव दृष्टिगोचर होता है। अतः साधना की संगीत कला में उन्नति का मार्ग प्रशस्त करती है। यदि संगीत साधना की दिशा व दशा उचित न हो तो साधक की साधना का सफल होना लगभग असम्भव है; अतः संगीत साधक को अपनी साधना की सफलता हेतु निम्न बातों का ध्यान रखना आवश्यक है–

- **गुरु एवं उनका मार्गदर्शन–** संगीत शिक्षा–दीक्षा हेतु 'गुरु' का महत्वपूर्ण स्थान है। भारतीय संस्कृति में गुरु को ईश्वर तुल्य माना गया है–

  गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुगुरुर्देवो महेश्वरः।
  गुरुः साक्षात् परब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नमः।।

  अर्थात् गुरु ब्रह्मा है, गुरु विष्णु हैं, गुरु देव महेश्वर शिव हैं, गुरु ही वस्तुतः परब्रह्म परमेश्वर हैं, ऐसे श्री गुरु के प्रति मेरा नमन है।

---

1. साधना धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष का आधार है,
   https://www.jagran.com/spiritual/religion-11414.html
2. "संगीत शिक्षा में अभ्यास का महत्व, पद्माकर चन्द्र पाण्डेय, संगीत (मासिक पत्रिका) फरवरी–2007, पृ.सं.–3

Jagbandhu Prasad

UGC Approved Journal No. 49321
Shodh Drishti (An International Peer Reviewed Refereed Research Journal), Vol. 12, No. 12, December, 2021 Impact Factor : 5.427
ISSN : 0976-6650

सर्वप्रथम किसी सुयोग्य एवं अनुभवी गुरु के मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है, जिनके मार्गदर्शन में शिक्षण-शक्ति का होना आवश्यक है। कुछ गुरु उच्चकोटि के गायक या वादक कलाकार तो होते हैं, किन्तु उनमें शिक्षण कला का सर्वथा अभाव होता है। जो कलाकार उच्च कोटि के कलाकार होने के साथ-साथ उच्च कोटि के शिक्षक भी हों, ऐसे गुरु ही संगीत के श्रेष्ठ गुरु माने जाते है। कभी-कभी कुछ गायक या वादक गुरु साधारण होते हुए भी उनमें शिक्षण कला की नैसर्गिक क्षमता होती है, ऐसे गुरु भी आदर्श गुरु सिद्ध हो सकते हैं।

संगीत एक प्रदर्शनात्मक कला है, जिसकी बारीकियाँ और गहनता, लालित्य और गांभीर्य, परम्परा और नाविन्य, तलीम और नव प्रयोग गुरु मुख से सीखकर, गुरु के सानिध्य में रहकर सुघड़ होकर तभी समाज के सम्मुख शिष्य कला प्रस्तुत करने योग्य बनता है। इसमें शागिर्द की पूरी लगन, समर्पण, गले और बुद्धि का गुणधर्म और स्वतः का चिन्तन भी उसे कलाकार बनाने अर्थात् साधना की सफलता में सहायक होता है।[3]

संगीत साधना में यह अत्यन्त आवश्यक है कि प्रारम्भ में जब तक स्वर, लय तथा ताल की सिद्धि न हो जाए तब तक गुरु के सम्मुख ही साधना करना चाहिए। गुरु के सम्मुख की गई साधना में शिष्य की कमियों को गुरु अवगत करवाते है। गुरु के बिना यदि कोई भी ग़लत चीज़ का अभ्यास हो जाए, तो फिर उसमे सुधार करना मुश्किल हो जाता है।

श्रीमती किशोरी आमोणकर ने कहा है कि "यह गुरुमुखी विद्या है और रागों की नहीं बल्कि स्वर की शिक्षा दी जाती है। स्वर का नाम नहीं बताया जाता है, 'आ'कार में ही गाना होता है, गुरु का अनुकरण किया जाता है। मूल स्वर 'सा' लगता है या नहीं, इसी को बार-बार अभ्यास करना होगा। स्वरों में निहित प्रवाह को आत्मसात करना होगा, सरगम स्वतः आ जायेगी। इसी के साथ श्रुतियों का अभ्यास भी मिल जाता है। यदि बाईस श्रुतियाँ लगती है तो गाओ। स्वर पहचानने के बाद अलंकार की शिक्षा दी जाती है। इनमें अनुरंजन रहना चाहिए।"[4]

उस्ताद फैज़ अहमद के शिष्य पं. बापूराव फणसलंकर के शिष्य पं. जय सुखलाल शाह मानते थे कि गायक बनने के लिए गुरु-शिय परम्परा ही श्रेष्ठ है। पहले तानपूरा बजाना सिखाया जाता है और स्वर सा प सां का अभ्यास ही मुख्य है। गले में स्वर बैठ जाने पर गुरु के पीछे बैठकर गाना ही सही अभ्यास है। तान-पलटों के निरन्तर अभ्यास से गायन का आधार बनता है। वैसे, यह विद्या गुरुमुखी है, जो गुरु सेवा से मिलती है। फिर भी, स्वर साधना से ही साही ज्ञान मिलता है।[5]

- **संगीत साधना विधि-** गायन हेतु मधुर कंठ बनाने के लिए स्वर साधना बहुत आवश्यक है। स्वर साधना के लिए प्रातःकाल तानपूरे के साध मन्द्र सप्तक के स्वरों की साधना का विधान है। स्वरों में 'षड्ज' स्वर अत्यन्त महत्वपूर्ण होता है। यह आधार स्वर होता है तथा सप्तक के शेष स्वर इससे एक निश्चित स्वरांतराल पर स्थित रहते है। अतः सर्वप्रथम 'षड्ज' स्वर को ही साधना चाहिए। स्वर पहचान के उपरान्त आकार में अर्थात् 'आऽऽ' शब्द का ही उच्चारण करना चाहिए। जो स्वर नाभि से प्रेरित होकर कण्ठ में विकसित होता हुआ मुँह द्वारा व्यक्त होता है, वही स्वर स्वाभाविक लगता है। अतः स्वर के प्रस्फुटन में, नाभि, कण्ठ तथा मुँह का संयुक्त योगदान स्वर की पूर्ण अभिव्यक्ति में सहायक है। यही कारण है कि स्वर साधक की बैठक का स्वर लगाव पर सीधा प्रभाव पड़ता है। स्वर लगाते हुए अपने श्वास को यथासम्भव लम्बा करना चाहिए तथा उचित बल से इसका उच्चारण करना चाहिए। साधक को पूरी एकाग्रता से तानपूरे की आवाज़ से अपनी आवाज़ का तारतम्य जोड़ लेना चाहिए। आवाज़ का ऊँचा-नीचापन नियमित अभ्यास से स्वतः अपनी जगह ढूंढ लेता है और वांछित स्वर मिल जाने पर एक गहन रंजकता का बोध होता है।

कुछ साधक तैयारी के पीछे पड़कर मधुर स्वरों अथवा कण्ठ के स्वाभाविक माधुर्य को नष्ट कर देता है। अतः आवाज़ को बहुत बलपूर्वक नहीं निकलना चाहिए। अतिमन्द्र सप्तक या अतितार सप्तक में स्वरों को

---

3. उत्तर भारतीय संगीत मे गुरू-शिष्य परम्परा का महत्व, डॉ. सुनीता भाले, स्मारिका 2008, प्रयोग संगीत समिति, इलाहाबाद, पृ.सं.-100
4. भारतीय संगीत विमर्श, सम्पादक-रवीन्द्र नाथ बहोरे, पृ.सं.-50
5. वही, पृ.सं.-52

Jagbandhu Barua

UGC Approved Journal No. 49321
Shodh Drishti (An International Peer Reviewed Refereed Research Journal), Vol. 12, No. 12, December, 2021 Impact Factor : 5.427
ISSN : 0976-6650

खींचकर व्यर्थ का चमत्कार दिखाने की चेष्टा नही करनी चाहिए। काकूभेद के ज्ञान द्वारा गायन को अधिक से अधिक रंजक, प्रभावशाली और ओजस्वी बनाया जा सकता है। अतः काकू प्रयोग की विधि का सही प्रकार से अभ्यास करना चाहिए। अलग–अलग घरानों में आवाज़ की साधना के लिए अलग–अलग प्रकार की विधियों का प्रयोग किया जाता है, परन्तु इन सबका लक्ष्य आवाज़ की दमदारी, तैयारी और चमत्कार तथा कण्ठ के माधुर्य गुण का विकास करना होता है।[6]

- **वातावरण** – साधना हेतु सुस्थिर आसन तथा स्वच्छ वातावरण अपेक्षित है। साधना शान्त और एकान्त स्थान पर करना चाहिए, क्योंकि अगर साधना की जगह पर अधिक लोगों की संख्या हुई तो शोर–शराबा व एकाग्रता भंग होने की सम्भावना अधिक होगी, इसीलिए संगीत साधना शान्त व एकान्त स्थान पर करना लाभदायक होगा। एकान्त में साधना करने से स्मरण करने की क्षमता में वृद्धि होती है। संगीत में स्वर व श्रुतियों की सूक्ष्म व सुमधुर ध्वनि होत है अतः इनकी साधना के लिए शान्त तथा एकान्त स्थान पर एकाग्रता पूर्वक साधना करनी चाहिए।
- **नियम एवं निरन्तरता** – संगीत में नियम का विशिष्ट महत्व है। संगीत में स्वर, लय, ताल तथा रागादि सभी कुछ नियमबद्ध है, जैसे रागों का गायन समय अथवा तालों की निश्चित मात्रा आदि। साधना की सफलता में नियम या निश्चित समय पर साधना करना उचित माना जाता है। संगीत साधना का सर्वोतम समय प्रातःकाल माना गया है। प्रारम्भ में यथा शक्ति अपने सामर्थ्य के अनुसारर संगीत साधना करनी चाहिए अर्थात् गायन का अभ्यास इतना करना चाहिए कि गले पर किसी प्रकार का दुष्प्रभाव न पड़े। यदि हम शुरू में ही बहुत देर तक और तार सप्तक या जोर लगाकर गाते है तो गला खराब होने की सम्भावना हो सकती है। सामान्यतः प्रातःकाल में दो से तीन घंटे, और सांयकाल भी दो से तीन घंटे की साधना संगीत साधक के लिए उचित होगा। संगीत साधना के लिए प्रातःकाल इसलिए उत्तम माना गया है क्योंकि रातभर के विश्राम के पश्चात् मनुष्य का शरीर, मन और मस्तिष्क तनाव मुक्त महसूस करता है। संगीत की साधना में नियमित होने के साथ–साथ निरन्तरता भी आवश्यक है। हमारे पूर्वाचार्यों ने साधना या अभ्यास की निरन्तरता के सम्बन्ध में कहा है–

  करत करत अभ्यास ते जड़मत होत सुजान।
  रसरी आवज जात है, सिल पर होत निशान।।

  साधना में निरन्तरता सफलता के पथ पर अग्रसर करती है।
- **संयम**– संगीत साधना के दौरान संयमित होना अत्यन्त आवश्यक होता है। संगीत शिक्षा प्राप्त करने वाले प्रारम्भिक विद्यार्थियों को साधना में संयम रखने की आवश्यकता होती है। कभी–कभी विद्यार्थी एक ही चीज़ का बार–बार अभ्यास करते हुए विचलित या बोर हो जाते है उदाहरणार्थ–संगीत के गुरु एक ही राग को कई दिनों या वर्षों तक सिखाते हैं, ऐसी क्रिया में कई बार विद्यार्थी का मन भटकाव हो जाता है परन्तु यदि हम संयमपूर्ण तरीके से गुरु द्वारा बजाये हुए मार्ग पर निरन्तर अग्रसर होते रहें तो निश्चित ही साधना सफल हो जाती है। कुछ विद्यार्थी अपने गुरु से शीघ्र अति शीघ्र संगीत शिक्षा प्राप्त करना चाहते है, परन्तु संयम के अभाव में ऐसे विद्यार्थी ज्ञान की सूक्ष्म–अतिसूक्ष्म बातों से वंचित रह जाते है। जिस प्रकार हम एक महीने का भोजन एक दिन में नहीं खा सकते, उसी प्रकार ज्ञान प्राप्ति में भी संयमित होकर दिन प्रतिदिन निरन्तर साधना के उपरान्त ही हम ज्ञान की बारीकियों को समझ सकते हैं। शास्त्रीय गायन की विभिन्न विधाओं जैसे ध्रुपद, धमार, ख्याल इत्यादि के मंच प्रदर्शन के समय राग गायन की प्रस्तुति में संयमित होकर कलाकार अपने कला की प्रदर्शन करता है। अतः संगीत मे संयम अति आवश्यक अंग है।
- **एकाग्रता**– जीवन में एकाग्रता का महत्वपूर्ण स्थान है। एकाग्रता के बिना किसी भी कार्य को सफलतापूर्वक सम्पन्न करना सम्भव नहीं है। एकाग्रता स्नायुमण्डल (Nervous system) की एक क्रिया है और स्वर–साधना स्नायुमण्डल की देख रेख करती है अर्थात् स्नायुमण्डल की साफ–सफाई तथा रख रखाव आदि की क्रिया स्वर साधना है। स्वर–साधना से स्नायुमण्डल सर्वाधिक प्रभवित होता है। स्नायुमण्डल के माध्यम से ही हम अपने मन को एकाग्र या केन्द्रित करने में सक्षम होते है।

  चंचल मन के स्थिर या एकाग्र होने से बुद्धि भी स्थिर होकर भली–भाँति कार्य कर पाती है। जीवन में सुख–दुख, हानि–लाभ, यश–अपयश सभी घटनाएं घटित होती रहती है, किन्तु जीवन को सहज व सफल

6. संगीत रत्नावली, अशोक कुमार 'यमन', पृ.सं.–317

UGC Approved Journal No. 49321
Sindh Drishti (An International Peer Reviewed Refereed Research Journal), Vol. 12, No. 12, December, 2021 Impact Factor : 5.427
ISSN : 0976-6650

रूप से निर्वाहन के लिए हर स्थिति में बुद्धि का एकाग्र या स्थिर होना आवश्यक है।

संगीत में मन को एकाग्र करने की जैसी शक्ति है वह किसी अन्य विषय में मिलना असंभव सा है। संगीत साधना करने से मन में स्थिरता और एकाग्रता आती है और साधक जितनी देर तक स्वर साधना करता है, उतनी देर तक सांसारिक प्रपंचों, चिन्ताओं, परेशानियों और तनाव से दूर रहता है। साधना के दौरान जो स्वर मुख से निकलती है, उसकी तरंगें स्वर साधक के कानों से टकराती है और ज्ञानवाही–नाड़ियों के माध्यम से मस्तिष्क तक पहुँचती है। उस तरह एक वृत बन जाता है। साधक का मन इस वृत में प्रवृत होकर एकाग्र हो जाता है और सब दुखों से मुक्त होकर आनन्द का अनुभव करता है।

- **चिन्तन–मनन** – आम बोल–चाल की भाषा में चिन्तन का अर्थ सोचने, समझने, कल्पना करना, विचार–विमर्श करना आदि से लिया जाता है। मनोविज्ञान के अनुसार 'चिन्तन एक जटिल मानसिक प्रक्रिया है, चिन्तन की प्रक्रिया किसी न किसी समस्या से प्रारम्भ होती है। समस्या के बिना चिन्तन नहीं हो सकता। चिन्तन, समस्या का मानसिक समाधान है। चिन्तन की प्रक्रिया में एक प्रकार का प्रवाह होता है। हम एक विषय के बारे में सोचते है, इस प्रक्रिया में कई अन्य बाते भी याद आती है और उस विषय में चिंतन आरम्भ हो जाता है। इस प्रकार चिन्तन में एक–एक करके कई बातें सामने आती रहती है।

मनुष्य की प्रगति मुख्यतः चिन्तन पर आधारित है। चिन्तन की सहायता से व्यक्ति अनेक प्रकार की समस्या का समाधान करता है। चिन्तन के कारण व्यक्ति की अभिवृत्तियाँ और विचार परिवर्तित हो जाते हैं। चिन्तन एक प्रकार की वह मानसिक प्रक्रिया है, जो समस्या समाधान की ओर उन्मुख होती है।[7] मनोवैज्ञानिक वुडवर्थ के अनुसार विचार की क्रिया की पाँच प्रमुख अवस्थाएं हैं–

1. किसी लक्ष्य प्राप्ति की इच्छा
2. उस लक्ष्य की प्राप्ति करने के लिए प्रारम्भिक चेष्ट
3. पूर्व अनुभव का स्मरण
4. पूर्व अनुभव का नवीन परिस्थिति में उपयोग करना
5. आन्तरिक निर्णय।[8]

संगीत साधना में भी चिन्तन तथा मनन की प्रक्रिया आवश्यक है। जब हम गुरु द्वारा बजाये गये साधना सम्बन्धी बातों जैसे– स्वर उच्चारण, अलंकार, पल्टे, राग विस्तार, तान इत्यादि का घर पर अभ्यास करते है तब हम गुरु द्वारा बताई गयी बातों का चिन्तन व मनन करते है। राग विस्तार की प्रक्रिया चिन्तन मनन द्वारा ही सम्भव होता है। जब हम मानसिक व बौद्धिक रूप से संगीत विषय पर विचार करते है तब यह चिन्तन मनन की प्रक्रिया भी मानसिक अभ्यास की श्रेणी में आता है। विषय की गइराईयों को या विषय की सूक्ष्म–अतिसूक्ष्म बातों को समझने के लिए चिन्तन मनन साधना का एक आवश्यक अंग है।

- **प्रेरणा व अनुसरण**– मानव जीवन में प्रेरणा का विशेष स्थान है। प्रेरणा सदैव ही किसी व्यक्ति, आकृति, कथा, घटना, दुर्घटना, अभाव, आशा, संस्कार व सानिध्य के कारण अपने मार्ग को पाती है। किसी भी कार्य को करने से पहले कहीं न कही, कोई न कोई प्रेरणा सूत्र मानव के मस्तिष्क में अवश्य ही जन्म लेता है। प्रेरणा मानव को कर्मबोध से उठाकर, उसकी परिणति तक ले जाने का कार्य करती है जो कई बार उसे स्वयं भी साक्षात ज्ञान नही होता। यह प्रेरणा या इच्छा की कुलबुलाहट उसके अचेतन मन में कहीं न कहीं विकसित होती रहती है।

संगीत में प्रेरणा के कारण ही साधक, संगीत को अपने गुरु या प्रिय संगीतज्ञों की तरह स्वीकार करना चाहता है। कई बार उसे संगीत के महापुरूषों की कथाएँ, जीवन वृतान्त, जीवन शैली, तेजस्व, मान–सम्मान व उनकी सरलता भी अपनी ओर आकर्षित करती है। यही आकर्षण उसकी प्रेरणा व लक्ष्य बन जाता है।

संगीत के शिक्षार्थी या साधक को अपने गुरु का अनुसरण भी आवश्यक है, अर्थात् गुरु आप को जो सिखाते हैं या उनकी गायकी की शैली अन्दाज़ आदि का अनुसरण करना चाहिए। यह आवश्यक नहीं है कि संगीत में एक गुरु से सीख कर शिष्य किसी दूसरे संगीतज्ञ का अनुसरण नही कर सकता। गुरु या ज्ञान स्रोत का एक माध्यम तो हो सकता है पर यह आवश्यक नहीं कि वह प्रेरणा भी हों। इसके लिए व्यक्ति अपने

---

7. सांगीतिक योग्यता में वंशानुक्रम एवं वातावरण का योगदान, डॉ. विजयलक्ष्मी गोयल, पृ.सं.–206–207
8. संगीत की मनोवैज्ञानिक पृष्ठभूमि, डॉ. कविता चक्रवर्ती, पृ.सं.–16

Jagbandhu Pawar

UGC Approved Journal No. 49321
Shodh Drishti (An International Peer Reviewed Refereed Research Journal), Vol. 12, No. 12, December, 2021 Impact Factor . 5.427
ISSN : 0976-6650

मनोभाव में उपस्थित भाव क्रिया द्वारा ही अनुसरण का पथ चुनता है।

अन्ततः हम यही कह सकते है कि सभी ललित कलाओं में संगीत को सर्वश्रेष्ठ माना गया है। संगीत मानव को परमानन्द की अनुभूति कराने में सक्षम है। संगीत कला मनुष्य को अत्यधिक आकर्षित करता है। संगीत कला मनमोहक तो है परन्तु इस कला की साधना खासतौर पर शास्त्रीय संगीत की साधना अत्यधिक अभ्यास के बाद निखरता है। शास्त्रीय संगीत में साधक यदि गुरु के सानिध्य में, एकाग्रचित होकर, नियमित व निरन्तर अपनी साधनारत रहता है तो निश्चित ही साधक संगीत का परमानन्द प्राप्त करता है और अपने श्रोताओं को भी रसानुभूति प्रदान करता है।

सन्दर्भ ग्रंथ सूची :

1. संगीत एवं मनोविज्ञान, डॉ॰ किरण तिवारी, कनिष्क पब्लिशर्स, डिस्ट्रीब्युटर्स, दिल्ली, 2008
2. संगीत की मनोवैज्ञानिक पृष्ठभूमि, डॉ॰ कविता चक्रवर्ती, साइन्टिफिक पब्लिशर्स, जोधपुर, 1994
3. संगीत चिन्तन, डॉ॰ सुरेखा सिन्हा, पंचशील प्रकाशन, जयपुर, 2008
4. भारतीय संगीत एवं मनोविज्ञान, डॉ॰ (श्रीमती) वसुधा कुलकर्णी, राजस्थानी ग्रन्थागार, जोधपुर, 2004
5. भारतीय शास्त्रीय संगीत मनोवैज्ञानिक आयाम, डॉ॰ साहित्य कुमार नाहर, प्रतिभा प्रकाशन, दिल्ली, 1999
6. संगीत संचयन, सुभद्रा चौधरी, कृष्णा ब्रदर्स, अजमेर, 1989
7. संगीत विशारद, डॉ॰ लक्ष्मीनारायण गर्ग, संगीत कार्यालय, हाथरस (उ.प्र.) 2007
8. संगीत मासिक पत्रिका, डॉ॰ लक्ष्मीनारायण गर्ग, संगीत कार्यालय, हाथरस (उ.प्र.) 2007
9. स्मारिका (पत्रिका) प्रयाग संगीत समिति, इलाहाबाद, 2008

Jagbandhu Prasad

Music Journal *Vageeshwari The World Classical Music e-Research Journal*
Volume 36 *December 2022*
Page No. 64-71 *ISSN 0975-7872*

Copyright@2022 Author(s) retain the copyright of this article
Homepage : ejournal@mfa.du.ac.in
Publisher : Department of Music, Faculty of Music & Fine Arts, University of Delhi

No part of contents of this paper may be reproduced or transmitted in any form or by any means without the permission of Author

संगीत तथा प्रकृति का पारस्परिक सम्बन्ध

डॉ. जगबन्धु प्रसाद
एसोसिएट प्रोफेसर
संगीत विभाग, संगीत एवं ललित कला संकाय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

संकेत शब्द : संगीत, प्रकृति, राग, समय, ऋतु

सार : प्रकृति का प्रत्येक तत्व संगीतमय है। शास्त्रीय संगीत में रागों का समय निर्धारण प्रकृति के विविध रंगों के अनुरूप ही किया गया है। प्रातः काल में गाये बजाये जाने वाले राग और संध्याकाल या रात्रिकाल के राग अलग–अलग हैं। विभिन्न ऋतुओं के अनुसार भी विशेष राग प्रस्तुति की परिकल्पना शास्त्रीय संगीत में दृष्टिगोचर होता है, जैसे– बंसत ऋतु में राग बसंत, बहार तथा वर्षा ऋतु में मल्हार आदि। शास्त्रीय संगीत में रागों की प्रकृति (अर्थात् गम्भीर, चंचल इत्यादि) का भी वर्णन शास्त्रों में प्राप्त होता है।

संगीत तथा प्रकृति के अभिन्न सम्बन्ध को प्रत्येक संवेदनशील मनुष्य महसूस करता है। संगीत जड़–चेतन सभी में व्याप्त है। नदियों की कल–कल ध्वनि, हवा के झोंकों से खड़खड़ाते पत्तें सभी में संगीत की ध्वनि व्यक्ति महसूस करता है। पशु–पक्षी, कीट पतंगों की बोलियाँ, भौरों की गुंजार, पक्षियों की मधुर चहचहाट, कोयल की मधुर तान, और मोर की तार सप्तक की ध्वनि ये सभी प्रकृति में संगीतमय वातावरण उत्पन्न करते हैं।

प्रकृति शब्द की व्युत्पत्ति 'प्र' उपसर्ग और 'कृ' धातु के पश्चात् 'क्तिन' (ति) प्रत्यय के योग से निष्पन्न हुआ है। इसका अर्थ प्रकरण, संदर्भ विशेष रचना, अधिक रचना, आदि अनेक अर्थों में ग्रहण किया जाता है। लेकिन लोक व्यवहार के अन्तर्गत प्रकृति से अभिप्राय प्राणी, जीव–जन्तु, पेड़–पौधें, नद–नदीश, आदि, दृश्यमान पदार्थों से लिया जाता है। इस विषय में यह विचारणीय है कि ऐसा जरूरी नहीं कि शब्द के व्युत्पत्तिपरक अर्थ एवं लोक–व्यवहार में प्रचलित अर्थ में पूर्ण समानता हो।[1] परन्तु लोक व्यवहार में प्रचलित शब्द के अर्थ से धातुगत अर्थ का पूर्णताः भले ही सम्बन्ध न हो किन्तु अंशतः वह उस अर्थ से अवश्य जुड़ा होता है। इस दृष्टि से प्रकृति शब्द भी अपने धातुगत अर्थ से सम्बन्ध रखता है, क्योंकि समस्त जगत् का आधारभूत तत्व प्रकृति है। प्रत्येक कार्य अपने कारण से उत्पन्न होता है। वह कारण भी अपने सूक्ष्मतर कारण से उत्पन्न होता है, इस प्रकार ऊपर की ओर जाते–जाते जहाँ यह कारण की श्रृंखला समाप्त होती है, वहीं सूक्ष्मतम तत्व प्रकृति

Copyright@2022 Author(s) retain the copyright of this article
Homepage : ejournal@mfa.du.ac.in
Publisher : Department of Music, Faculty of Music & Fine Arts, University of Delhi

No part of contents of this paper may be reproduced or transmitted in any form or by any means without the permission of Author

है जो सबका मूल कारण है तथा जहाँ से यह विश्व उदय होता है।[2] इसके अतिरिक्त भारतीय वाङ्मय में प्रकृति शब्द को सृष्टि, माया, शाश्वत सत्य, प्रजा, विचार–शून्य, स्वभाव आदि विविध अर्थों में माना जाता है। प्रकृति के इन विविध अर्थों के अन्तर्गत प्रकृति का क्षेत्र व्यापक बन जाता है और समस्त ब्रह्माण्ड ही प्रकृति की परिधि में आ जाता है। क्षेत्र की व्यापकता और स्वरूप की सूक्ष्मता के आधार पर प्रकृति की तीन अवस्था अपनी–अपनी सीमाओं में बद्ध है–(1) मानवेतर जड़–चेतन समुदाय को प्रकृति कहता है (2) जड़–चेतन समुदाय के परस्पर सापेक्ष गुण और स्वभाव को (3) सृष्टि की उस उत्पादिका शक्ति को, ईश्वर सापेक्ष और सृष्टि सापेक्ष दोनों ही है। साहित्य के अर्न्तगत इन तीनों 'रूपों' में 'प्रकृति' शब्द का व्यवहार होने के कारण किसी भी प्रकार का सीमा बंधन नहीं कहा जा सकता, परन्तु साहित्य–शास्त्र में जब इसे विशिष्ट वर्णन पद्धति के साथ सम्बद्ध कर दिया जाता है, तो इसका क्षेत्र अपेक्षाकृत सीमित हो जाता है।[3] इसी प्रकार प्रकृति को विभिन्न दृष्टिकोणों से समझने के उपरांत प्रकृति के अर्थ को परिभाषित करते हुए कहा गया है कि ''प्रकृति शक्ति की वह अवस्था है, जो माया और उसके कंचुको से आवृत होने से उत्पन्न होती है। पुरुष भोक्ता है और प्रकृति भोग्या है। सगुण शिव को अपने कुंचकों द्वारा आवृत करके यह जहाँ उसकी शक्तियों को सीमित करती है, वही उसके संकुचित होने के साथ–साथ स्वयं भी संकुचित हो जाती है। तंत्रों में स्वीकृत 36 तत्त्वों में से एक प्रकृति भी है। वहाँ इसे अशुद्ध तत्त्वों के अन्तर्गत रखा जाता है। प्रकृति शिव के स्थूल रूप सत्त्व, रज और तम नामधारी गुणों की साम्यावस्था है।[4]

प्रकृति के विषय में विचार करते हुए डॉ. किरण कुमारी गुप्ता का मत है कि प्रकृति के अन्तर्गत उन्हीं उपकरणों को मानना चाहिए जिनका विकास मानव के योगदान से परे है। प्रकृति का प्राकृतिक अर्थ है–स्वाभाविक। अतः प्रकृति के अन्तर्गत वही वस्तुएँ आती हैं, जिन्हें मानव के हाथों ने सजाया या संवारा नहीं है और जो स्वयं ही अपनी नैसर्गिक छटा से हमें आकर्षित करती है।[5]

प्राचीन काल से संगीत और प्रकृति का घनिष्ठतम सम्बन्ध रहा है। संगीत स्वर, लय और ताल का सुन्दर समन्वय है। ताल अथवा निश्चित क्रम (लय) प्रकृति का एक मुख्य नियम है। यह हमें पृथ्वी की सूर्य परिक्रमा में, दिन–रात के बीतने में तथा ऋतुओं के परिवर्तन में पूर्णरूप से देखने को मिलता है। अगर प्रकृति में इस लय का अभाव होता तो कोई दिन–रात 20 घंटे का, कोई 28 घंटे का और कोई 30 घंटे का होता। इस प्रकार तो सूर्योदय और सूर्यास्त का कोई समय निश्चित नहीं हो पाता। प्रत्येक मनुष्य का जीवन इस लय पर आधारित है। उसके रुधिर–संचार में लय की गति धीमी या द्रुत हो जाती है, तो औषधि सेवन की आवश्यकता होती है। परन्तु जब लय की गति

Copyright@2022 Author(s) retain the copyright of this article
Homepage : ejournal@mfa.du.ac.in
Publisher : Department of Music, Faculty of Music & Fine Arts, University of Delhi
No part of contents of this paper may be reproduced or transmitted in any form or by any means without the permission of Author

बिल्कुल स्थिर हो जाती है तो उस मनुष्य के प्राण पखेरू सदा के लिए उस काया से उड़ जाता है। इस प्रकार से संगीत अथवा लय प्रत्येक मनुष्य में सचेत अथवा अचेत रूप में कार्य करती रहती है।

संगीत का दूसरा प्रधान अंग 'स्वर' है। स्वरों के योग से रागों की उत्पत्ति होती है। राग और प्रकृति का अटूट साथ है। राग को चित्ताकर्षक बनाने के लिए अमुक राग का गायन अथवा वादन शास्त्रकारों द्वारा निर्धारित समयानुसार होना चाहिए। रागों का समय विभाजन गायक और श्रोता के शारीरिक और मानसिक दशाओं के आधार अनुसार किया गया है, यह केवल कपोल कल्पना नहीं है। चिकित्सा शास्त्र द्वारा यह विदित होता है कि नाड़ियों के तीन प्रकार है–कफ़, पित्त, और वात। कफ़ प्रकृति की गति प्रातःकाल 3 बजे से लेकर 9 बजे तक रहती है, इसलिए इस समय के बीच उन्हीं रागों का गायन अथवा वादन होता है जिसकी प्रकृति कफ़ की होती है, जैसे–भैरव, गुणकली राग इत्यादि। इसी प्रकार पित्त और वात की गति क्रमशः दिन और रात में रहा करती है इसलिए दिन में पित्त प्रकृति के राग जैसे–सारंग, पीलू, मुल्तानी राग, इत्यादि तथा रात में वात प्रकृति के राग जैसे–मालकौंस, दरबारी, जयजयवन्ती राग, इत्यादि गाये बजाये जाते हैं।

रागों में विकृत स्वरों का प्रयोग भी प्रकृति के नियमों पर आधारित है। निशोत्सर्ग और सूर्योदय के समय मनुष्य कुछ ऊँघता और शिथिल सा रहता है, इसलिए इस समय कोमल रिषभ और कोमल धैवत का प्रयोग होता है। सुबह के समय निन्द्रा का प्रभाव रहता है और सायंकाल दिनभर काम करने के उपरान्त थकावट महसूस करता है। कुछ समय के बाद उसकी शिथिलता समाप्त होने लगती है, इसलिए शुद्ध रे और शुद्ध ध स्वरों का प्रयोग रागों में होने लगता है, जैसे– दिन गाये जाने वाले राग देशकार, बिलावल इत्यादि और रात में गाये जाने वाले राग यमन, हमीर तथा भूपाली आदि। रात भर सोने के बाद मनुष्य एक नई शक्ति का अपने आप में अनुभव करने लगता है, इसीलिये प्रातःकालीन राग उत्तरांग प्रधान होते हैं, अर्थात् उन रागों का चलन सप्तक के उत्तरांग (प ध नी सां) में प्रधानता रहती है और ठीक विपरीत सायंकालीन रागों में पूर्वांग अंग (स रे ग म) की प्रधानता रहती है क्योंकि मनुष्य दिन भर के कठोर परिश्रम से थकान हो जाती है, इसलिए इस समय में गाये जाने वाले राग पूर्वांग प्रधान होते हैं, जो कि मनुष्य के स्वभावानुकूल हैं।

कुछ रागों के स्वर ऐसे होते हैं जिनकी प्रकृति तेजस्वी, उग्र, तीक्ष्ण, अग्निमय, शीतलता, आदि गुणों से युक्त होते हैं। जिस कारण रागों के ऋतुओं के अनुसार गाने की भी परम्परा है। प्रत्येक राग विशिष्ट भावनाओं से सम्बन्धित होने के कारण अपना विशिष्ट वातावरण उपस्थित करता है।

Copyright@2022 Author(s) retain the copyright of this article
Homepage : ejournal@mfa.du.ac.in
Publisher : Department of Music, Faculty of Music & Fine Arts, University of Delhi

No part of contents of this paper may be reproduced or transmitted in any form or by any means without the permission of Author

हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत में रागों की विभिन्न प्रकृति के बारे में वर्णन प्राप्त होता है। जिस प्रकार हर मनुष्य की अपनी–अपनी अलग प्रकृति (स्वभाव) होती है उसी प्रकार रागों की भी अपनी प्रकृति होती है, जो प्रयुक्त स्वरों के लगाव तथा चलन पर निर्भर करती है, जैसे– राग दरबारी, भैरव, मालकौंस आदि राग गम्भीर प्रकृति तथा राग अड़ाना, बहार और कामोद आदि राग चंचल प्रकृति के राग है। राग शंकरा वीर रस तथा राग जोगिया, भैरवी, कालिंगड़ा में करूणा का भाव दृष्टिगोचर होता है।

हिन्दुस्तानी संगीत पद्धति में रागों के गाए–बजाए जाने के सम्बन्ध में समय सिद्धान्त पर मतभेद अवश्य है, जिसका कारण रागों के स्वरों में उलटफेर हो जाना है, तथापि यह तो स्वीकार करना ही पड़ेगा कि हमारे संगीत पंडितों ने रागों को ठीक समय पर गाने का सिद्धान्त अपने ग्रन्थों में स्वीकृत किया है। शारंगदेव ने अपने ग्रन्थ 'संगीत रत्नाकर' में प्रत्येक वर्ग के रागों का सम्बन्ध ऋतुओं से स्थापित किया है, जैसे–गौड़ पंचम ग्रीष्म ऋतु में, भिन्न षड्ज हेमन्त ऋतु में, हिन्डोल बसन्त ऋतु में, और रात्रि शरद ऋतु में। इसी प्रकार दिन तथा रात्रि में गाए–बजाए जाने वाले राग एवं भिन्न–भिन्न ऋतुओं में गाए जाने वाले रागों का उल्लेख भी शारंगदेव ने किया।[6] फ़कीरूल्ला के अनुसार, ''राग दर्पण के पाठकों तथा संगीत विद्या के जिज्ञासुओं को ज्ञान हो कि देवताओं ने इस विद्या को उत्पन्न किया है और एक वर्ष में षट् ऋतुओं के ऊपर षट् राग स्थिर किए। षट् ऋतुएं इस प्रकार है–बसन्त ऋतु अर्थात् चैत और वैशाख, ग्रीष्म ऋतु–ज्येष्ठ और आषाढ़, सावन और भादो, शरद ऋतु आसोज (क्वार) तथा कार्तिक, हेमन्त ऋतु–अगहन और पौश, शिशिर माह तथा फाल्गुन। षट् ऋतुओं का वर्णन करने के बाद उनमें राग–रागिनियों एवं पुत्रों का वर्णन किया जाता है। बसन्त ऋतु में हिण्डोल राग तथा उसकी रागिनियाँ एवं पुत्रों को गाया जाता है। ग्रीष्म ऋतु का राग दीपक है। पावस का राग मेघ है, और शरद का श्री रखा है। हेमंत का मालकौंस तथा शिशिर का भैरव राग है। इस प्रकार फ़कीरूल्ला का राग गायन सम्बन्धी ऋतु सिद्धान्त है।[7] आधुनिक संगीत में राग ऋतु सिद्धान्त का विशेष महत्व नहीं रहा है, किन्तु ऋतुओं में बसंत तथा वर्षा ऋतु, राग के गायन तथा वादन की दृष्टि से महत्वपूर्ण ऋतु है, जिनके अनुसार आधुनिक संगीत में राग गायन प्रचलित है।

प्रकृति में सुदूर तक फैले हुए भिन्न–भिन्न फूलों के सौन्दर्य को देखकर तथा प्रकृति में फैली हुई बहार को देखकर स्वतः ही गले से बसंत–बहार के स्वर फूट पड़ते हैं बसंत, बहार तथा बसंत–बहार आदि ये राग विशेषतः बसंत ऋतु में गाये–बजाये जाते हैं। इन रागों के लिए ''बसंततौ सुखप्रदः'' कहा गया है। गरजते हुए मेघ तथा उमड़ी हुई घटा को देखकर किस गायक

Copyright@2022 Author(s) retain the copyright of this article
Homepage : ejournal@mfa.du.ac.in
Publisher : Department of Music, Faculty of Music & Fine Arts, University of Delhi

No part of contents of this paper may be reproduced or transmitted in any form or by any means without the permission of Author

या वादक का मन नहीं होगा कि वो मल्हार के सुर न छेड़े। मल्हार तथा उसके प्रकारों को वर्षा ऋतुओं में विशेष रूप से किसी भी समय गाया बजाया जाता है। मल्हार के लिए ''वर्षासु सुखदायकः'' इस प्रकार कहा गया है। इन रागों के गीतों में प्रायः ऋतु सम्बन्धी वर्णन होता है जो और भी आनंददायक होता है।

संगीत तथा प्रकृति का सम्बन्ध अभिन्न है। संगीत के स्वरादि की उत्पत्ति के सम्बन्ध में अनेक किंवदन्ती, कथाएं, प्रसंग, तथा शास्त्रकारों व विद्वानों के मत प्राप्त होते हैं। कुछ प्रसांगादि तथा विद्वानों के स्वरोत्पत्ति सम्बन्धी विचार प्रस्तुत किया जा रहा है–

स्वामी प्रज्ञानानन्द के मतानुसार आदिम युग में संगीत मनुष्य के अन्तःकरण में निहित था। विविध कार्यों में मनुष्य अपने से अधिक शक्तिशाली प्रकृति को समझता था। विभिन्न पशु–पक्षियों की ध्वनि को वह मंगल या अमंगल का प्रतीक मानता था। अनुकरण प्रिय मनुष्य उन ध्वनियों की सहायता से अर्थहीन भाषा के संगीत से विश्व देवता की वंदना करना था सम्भवतः वह संगीत एक या दो स्वर का होता था। सप्त स्वरों का विकास काल क्रम में हुआ, इसी शृंखलानुसार संगीत की उत्पत्ति हुई।[8]

मतंग कृत 'बृहद्देशीय' ग्रंथ में 'कोहलः' के नाम से निम्न श्लोक वर्णित है जिसमें संगीत के स्वरों का उद्गम पशु–पक्षियों की ध्वनियों से हुआ है–

षड्जं वदति मयूरो, ऋषभं चातको वदेत।
अजा वदंति गांधारं, क्रौंचो वदति मध्यमम्।।

पुष्पसाधारणे काले कोकिलः पंचमं वदेत्।
प्रावृट्काले संप्राप्ते धैवतं दर्दुरो वदेत्।
सर्वं (ता?दा) च तथा देवि ! निषादं वदते गजः।।9

अर्थात् मोर षडज में बोलता है, चातक ऋषभ में, अजा गंधार में, जबकि क्रोंच मध्यम स्वर में बोलता है। नये पुष्प अंकुरण काल में कोयल पंचम स्वर में बोलती है। मेढ़क धैवत स्वर में बोलता है और हाथी निषाद स्वर का उच्चारण करता है।

फारसी की एक कथा के अनुसार पैगम्बर हज़रत मूसा को नाव में सैर करते समय एक पत्थर दिखाई दिया। ब्राइल नामक फरिश्ता के कथानुसार हज़रत मूसा उस पत्थर को अपने पास रखते थे। एक दिन जंगल में घूमते समय उन्हें प्यास लगी। खुदा की बदंगी करने के पश्चात् कुछ देर

Copyright@2022 Author(s) retain the copyright of this article
Homepage : ejournal@mfa.du.ac.in
Publisher : Department of Music, Faculty of Music & Fine Arts, University of Delhi
No part of contents of this paper may be reproduced or transmitted in any form or by any means without the permission of Author

बाद वर्षा हुई। वर्षा की जलधाराओं का उस पत्थर पर पड़ने से उसके सात टुकड़े हो गये और उनसे सात ध्वनियाँ निकली जिसे हज़रत मूसा ने आत्मसात कर लिया। ये ही सात ध्वनियाँ सात स्वर बनी।[10]

एक फारसी विद्वान का कथन है कि पहाड़ों पर 'मूसीकार' नामक का एक पक्षी होता है, जिसकी चोंच में बांसुरी की भांति सात सुराख होता है। उन्हीं सात सुराखों से सात स्वर ईजाद हुआ।[11] मिश्री कला विशेषज्ञ गावास का कथन है–''मनुष्य ने संगीत का मनोरम उपहार प्रकृति से उपलब्ध किया। उसने अपने जीवन के इर्द–गिर्द संगीतमय वातावरण को देखा। सरिताओं की ऊँची–नीची लहरों से, सागर की उतंग तरंगों से, पक्षियों के प्रलुब्धकारी कलरव से, समीर के मधुर शीतल झोंकों की अंगड़ाईयों से, चाँद और रजनी की प्रलुब्ध क्रीड़ाओं से मतलब ये कि उसे प्रत्येक दिशा में संगीत के मधुर स्वर प्रस्फुटित होते हुए सुनाई दिये। प्रकृति के ये मधुर स्वर अनुकरण करते ही मनुष्य के जीवन में एक नवीन सरसता का उदय हुआ। जीवन में इसी सरसता एवं मिठास को अक्षुण्ण रखने के लिए मनुष्य ने स्वरों पर अधिक विचार प्रारम्भ कर दिया। उसी विचार का यह परिणाम हुआ कि आगे चलकर विश्व को संगीत परिष्कृत रूप में प्राप्त हो सका।[12]

एक कथानुसार एक दिन स्वाति नामक ऋषि अपने आश्रम से पानी लेने के लिए सरोवर गये। संयोग से उसी समय वर्षा होने लगी। वर्षा की बूँद पहले मंद गति से फिर तीव्र गति से सरोवर में लिखे कमलों की छोटी–छोटी पंखुड़ियों पर गिरने लगी। ऐसा होने से अनेक प्रकार की ध्वनियाँ उत्पन्न होने लगी। स्वाति को वे सब ध्वनियाँ बहुत कर्णप्रिय लगी और उनके स्वरूप को अपने मस्तिष्क में ठीक से धारण करके वे वापस आ गये। वापस आकर उन्होंने विश्वकर्मा जी को वह सब दृश्य बताया और किसी ऐसे वाद्य के निर्माण करने को कहा जिससे सब प्रकार की ध्वनियाँ निकलती हो।[13]

संगीत के प्रभाव से वनस्पति तथा पशु–पक्षियाँ भी अछूते नहीं है, अनेक कथा, प्रसंग तथा प्रयोग द्वारा यह बात सिद्ध होती है। कहा जाता है कि संगीत–सम्राट तानसेन जिस बाग में बैठकर गाया करते थे, वहाँ कलियाँ खिलकर फूल बन जाती थी। संगीत की स्वर लहरियाँ पौधों के नाड़ी–तंत्र में तेज़ी से हलचल पैदा कर व न्यूक्लियस में संचालन कर उनके विकास व वृद्धि पर प्रभाव डालती हैं। आज वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि संगीत की स्वर–लहरियों से पेड़–पौधे तेज़ी से पल्लवित होते हैं। सुप्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक जगदीश चन्द्र बसु ने वनस्पतिशास्त्र–सम्बन्धी विशेष अनुसंधान द्वारा प्रमाणित कर दिया था कि वनस्पति में भी जीव है। पं0 ओंकारनाथ ठाकुर ने उनकी प्रयोगशाला में जाकर एक बार भैरवी गाई थी। गाने से पूर्व यंत्रों द्वारा पौधों व पत्तों की

Copyright@2022 Author(s) retain the copyright of this article
Homepage : ejournal@mfa.du.ac.in
Publisher : Department of Music, Faculty of Music & Fine Arts, University of Delhi

No part of contents of this paper may be reproduced or transmitted in any form or by any means without the permission of Author

अवस्था देख ली गई थी और गायन के बाद उन पर आई हुई नई चमक का दर्शन भी लोगों ने किया था। वस्तुतः मधुर स्वर सुनकर वृक्षों के प्रोटोप्लाज़्म के कोष में स्थित क्लोरोप्लास्ट विचलित और गतिमान हो उठता है। डॉ0 टी0 ऐन0 सिंह ने विभिन्न रागों की ध्वनियों का पौधों पर परीक्षण किया। प्रो0 सिंह के अनुसार, उचित समय पर उचित राग का एक दिन में तीस मिनट तक गायन से पौधों की वृद्धि में शीघ्रता लाता है, परन्तु प्रयुक्त राग की ध्वनि–तरंगों की गति उच्च और तीव्र होनी चाहिए। प्रो0 सिंह ने अनेकों बीजों, धान, सरसों, चना, सेम आदि पर संगीत की ध्वनि के प्रभाव का अध्ययन किया। अपने प्रयोग में श्री सिंह ने नई बात यह देखी कि पौधे पुरुष संगीत की अपेक्षा स्त्री संगीत से अधिक प्रभावित व विकसित होते हैं। पौधों पर रागों का प्रयोग कर श्री सिंह ने निष्कर्ष निकाला कि राग काम्बोजी की बाँसुरी पर, खरहर प्रिया को वीणा पर और बहार को वायलिन पर बजाने से पौधों पर बहुत प्रभाव पड़ता है।[14]

वनस्पतियों के समान ही पशु–पक्षियों पर भी संगीत का प्रभाव पड़ता है। किंवदन्ती है कि राजा उदयन संगीत से हाथियों को वश में कर लेते थे। आज भी पखावज बजाने वाले एक विशेष प्रकार की परन (गज–परन) बजाकर हाथियों को वश में कर लेने का दावा करते है। तानसेन का संगीत सुनकर मृगों के झुंडों का चमत्कृत होकर उनके पास चले आने की कथा प्रसिद्ध है। आधुनिक समय में भी मृग–आखेट के लिए संगीत का प्रयोग किया जाता है।

एस0 कुमार के लेख 'संगीत जानवरों पर भी असर डालता है' में यह बताया गया है कि बत्तख, बंदर, उकाव आदि पक्षी और दरियाई घोड़ा, शेरनी, वन–बिलाव और मगरमच्छ पर विभिन्न वाद्यों को सुनाकर परीक्षण किए गए और उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त की गई। डार्विन के विकासवाद के सिद्धान्त के अनुसार, पशु मानवों के पूर्वज हैं। अग्रज पूर्वजों के गुणों के संवाहक होते हैं इसीलिये जब पशुओं पर संगीत का प्रभाव पड़ सकता है तो मनुष्य पर उसका प्रभाव पशुओं से कई गुना अधिक माना जा सकता है।[15]

संदर्भ सूची :

1. आचार्य विश्वनाथ, साहित्य दर्पण, अन्यद्धि शब्दानों व्युत्पत्तिनिमित्तमन्यच्च प्रवृत्तिनिमित्तम, पृ0–2
2. उपाध्याय, डॉ0 बलदेव, भारतीय दर्शन (सांख्य दर्शन), पृ0–335
3. उपाध्याय, डॉ0 बलदेव, भारतीय दर्शन (सांख्य दर्शन), पृ0–335

Copyright@2022 Author(s) retain the copyright of this article
Homepage : ejournal@mfa.du.ac.in
Publisher : Department of Music, Faculty of Music & Fine Arts, University of Delhi

No part of contents of this paper may be reproduced or transmitted in any form or by any means without the permission of Author

4. वर्मा, धीरेन्द्र, हिन्दी साहित्यकोश (भाग–1), पृ0–392
5. गुप्ता, डॉ0 किरण कुमारी, हिन्दी काव्य में प्रकृति चित्रण, पृ0–8
6. वसंत, संगीत विशारद, पृ0–546–547
7. पाठक, डॉ0 सुनंदा, हिन्दुस्तानी संगीत में राग की उत्पत्ति एवं विकास, पृ0–290–291
8. शर्मा, अमलदास, संगीतायन, पृ0–16
9. परांजपे, डॉ0 शरच्चन्द्र श्रीधर, भारतीय संगीत का इतिहास, पृ0–7
10. बसंत, संगीत विशारद, पृ0–13
11. देवांगन, तुलसीराम, भारतीय संगीत शास्त्र, पृ0–16
12. जोशी, उमेश, भारतीय संगीत का इतिहास, पृ0–6
13. शर्मा, स्वतंत्र, भारतीय संगीत एक ऐतिहासिक विश्लेषण, पृ0–5
14. श्रीवास्तव, डॉ0 संगीता, संगीत का वनस्पतियों पर पड़ने वाला प्रभाव, संगीत पत्रिका, सितम्बर, 2005, पृ0–35
15. कुमार, श्री एस0, संगीत जानवरों पर भी असर डालता है, संगीत पत्रिका, सितम्बर, 1981, पृ0–43